1-Veteran Gandhian S N Subba Rao 'Bhaiji' died. He was 92.

वयोवृद्ध गांधीवादी डॉ. एस एन सुब्बाराव 'भाईजी' का निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे।

2-Dr Rajesh S Gokhale has been appointed as the Secretary of the Department of Biotechnology.

डॉ. राजेश एस गोखले को जैव प्रौद्योगिकी विभाग का सचिव बनाया गया है।

3-Indian-origin Canadian politician Anita Anand was appointed as the new Defence Minister of Canada in the latest cabinet reshuffle by Prime Minister Justin Trudeau.

भारतीय मूल की कनाडाई नेता अनीता आनंद को प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा नवीनतम कैबिनेट फेरबदल में कनाडा का नया रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया है।

4-Sarbananda Sonowal, Minister of Ayush and Ports, Shipping and Waterways inaugurated the Incubation Centre for Innovation and Entrepreneurship (AIIA- iCAINE) at All India Institute of Ayurveda (AIIA), at a program organized in Vigyan Bhavan, New Delhi.

आयुष तथा पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) में इनक्यूबेशन सेंटर फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (एआईआईए-आईसीएआईएनई) का उद्घाटन किया।

5-The Government of India and the Asian Development Bank signed a $4.5 million project readiness financing (PRF) loan to support project preparation and design activities to improve urban mobility in Aizawl, the capital city of the northeastern state of Mizoram.

भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम की राजधानी आइजोल में शहरी आवागमन में सुधार लाने से संबंधित परियोजना की तैयारी और उसके डिजाइन से जुड़ी गतिविधियों को समर्थन देने के लिए 4.5 मिलियन डॉलर की परियोजना की तैयारी संबंधी वित्तपोषण (पीआरएफ) ऋण के समझौते पर हस्ताक्षर किए।

6-Prime Minister Narendra Modi on his visit to Uttar Pradeshon 25th October, 2021 inaugurated a new state of the art Sewage Treatment Plant of 10 MLD Capacity in Ramnagar, Varanasi.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश की अपनी यात्रा के दौरान रामनगर, वाराणसी में 10 एमएलडी क्षमता वाले नए अत्याधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन किया।

7-Prime Minister Imran Khan approved the appointment of Lt Gen Nadeem Anjum as the new chief of Pakistan's spy agency ISI.

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अंजुम को देश की खुफिया एजेंसी आईएसआई का नया प्रमुख नियुक्त किए जाने को मंज़ूरी प्रदान की।

8-Bharti Group backed satellite company OneWeb and Saudi Arabia's Neom Tech and Digital Holding Company have signed a pact for a $200 million joint venture to provide satellite-based services to Middle East and East African countries.

भारती समूह के समर्थन वाली उपग्रह कंपनी वन वेब और सऊदी अरब की नियोम टेक एंड डिजिटल होल्डिंग कंपनी ने 20 करोड़ डॉलर के संयुक्त उद्यम को लेकर समझौता किया है, यह संयुक्त उद्यम पश्चिम एशिया और पूर्वी अफ्रीकी देशों में उपग्रह आधारित सेवाएं देगा।

9-Germany's newly elected Parliament held its first meeting and elected a lawmaker from the centre-left Social Democratic Party as speaker of the 736-member Lower House, or Bundestag.

जर्मनी की नवनिर्वाचित संसद ने अपनी पहली बैठक की और 736 सदस्यीय निचले सदन या बुंडेस्टैग के अध्यक्ष के तौर पर मध्य-वामपंथी 'सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी' के एक सांसद को चुना।

10-India ranks ninth in the list of top 10 countries for climate technology investment over the past five years and Indian climate tech firms received USD 1 billion in venture capital (VC) funding from 2016 to 2021, according to a new report released in London.

लंदन में जारी एक नई रिपोर्ट के अनुसार, भारत पिछले पांच वर्षों में जलवायु प्रौद्योगिकी निवेश के मामले में शीर्ष 10 देशों की सूची में नौवें स्थान पर है, भारतीय जलवायु प्रौद्योगिकी कंपनियों ने 2016 से 2021 तक उद्यम पूंजी (वीसी) निवेश के रूप में एक अरब डॉलर प्राप्त किए हैं।